समाचार

महापौर ने किया निदान शिविर का निरीक्षण

(कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में आयोजित हुआ शिविर)

कोरबा 19 फरवरी 2021 —महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने आज निगम द्वारा कोसाबाड़ी जोन में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर '' निदान '' का निरीक्षण किया, शिविर में पहुंचे लोगों से भेंट की, उनकी समस्याओं पर चर्चा की तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत 15 फरवरी से आगामी 03 मार्च तक जोन स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर '' निदान '' का आयोजन किया जा रहा है। आज इसी कड़ी में कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों के साथ शिविर में पहुंचकर शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, शिविरों में समस्याओं को लेकर पहुंचे नागरिकों से भेंट की तथा काउंटर में बैठकर उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि जन सामान्य की समस्याओं का निराकरण निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता पर है, इसी को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा सभी जोन में निर्धारित तिथियों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न नगर पालिक सेवाओं यथा पेयजल, सड़क रोशनी, साफ–सफाई, राशन कार्ड, सम्पत्तिकर व अन्य कर की वसूली व उनका निराकरण, भवन निर्माण अनुमति, निर्माण व विकास कार्य सहित निगम की अन्य सेवाओं एवं कार्यो

से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होने कहा कि यह प्रयास किया जा रहा है कि शिविरों में पहुंचे लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण हों तथा जिन समस्याओं का मौके पर निराकरण नहीं होगा, उनसे संबंधित आवेदनों को पंजीकृत कर उनका क्रमशः निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने शिविर में पहुंचे लोगों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के संबंध में जानकारी देने के साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

22 फरवरी को पं.रविशंकर शुक्ल जोन में शिविर— निगम द्वारा आयोजित किए जा रहे जनसमस्या निवारण शिविर '' निदान '' के आयोजन की अगली कड़ी में 22 फरवरी को पं. रविशंकर शुक्ल जोन कार्यालय में शिविर लगाया जाएगा। इसी प्रकार 24 फरवरी को बालको जोन कार्यालय में, 26 फरवरी को दर्री जोन कार्यालय में, 01 मार्च को सर्वमंगला जोन कार्यालय में एवं 03 मार्च को बांकीमोंगरा जोन कार्यालय में निदान शिविर आयोजित होगा। निगम द्वारा संबंधित वार्डो के नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन शिविरों में पहुंचे, अपनी समस्याएं बतायें ताकि उनका त्वरित निदान किया जा सके।

आज शिविर के दौरान सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य प्रदीप राय जायसवाल, सुखसागर निर्मलकर, सुनीता राठौर, पार्षद आशा जायसवाल, अजय गोंड़, चन्द्रलोक सिंह, अनुज जायसवाल, अनिता यादव, द्रौपति वर्मा, प्रतिभा निखिल शर्मा, जोन कमिश्नर आर.के.चौबे, सहायक अभियंता एन.के.नाथ एवं राकेश मसीह आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।